

# टाइलीकरण

नेहा के पास कुछ गत्ते के टुकड़े हैं, जिनकी आकृति नीचे दिखाई गई है।





नेहा और उसकी दोस्त रजनी ने हर एक टुकड़े से एक–एक पन्ने को भर कर देखा। उनके द्वारा भरे पन्ने कुछ इस तरह के दिख रहे थे।



WEBCOPY, NOT TO BE PUBLISHED

ऊपर दिखाए गए तीनों पन्नों में अलग–अलग आकृतियों से पन्नों को ढँकने की कोशिश की गई है।

आपको क्या लगता है  में से किन–किन आकृतियों द्वारा पन्नों को पूरा–पूरा, बिना जगह छोड़े भरा जा सकता है। ..................................................

आप भी छूटी हुई अन्य आकृतियों को लेकर अपनी कॉपी के पन्ने को इनसे पूरा–पूरा ढँकने की कोशिश कीजिए।

कौन–कौन सी आकृतियों से आप पन्नों को पूरा–पूरा ढँक पाए? ....................................


कौन–कौन सी आकृतियों से आप पूरा पन्ने को नहीं ढँक सके? ....................................



वर्ग से क्या आप पन्ने को आसानी से ढँक सकते हो ..................................................

ढक कर बताइए–

**नीचे कुछ आकृतियाँ दी गई हैं, इनमें से किन–किन आकृतियों की सहायता से आप ग्रिड पेपर को पूरा–पूरा ढँक सकते हैं? करके देखिए।**



© BSTBPC
WEBCOPY, NOT TO BE PUBLISHED

इन तीनों आकृतियों का अलग–अलग उपयोग कर, क्या आप ग्रिड पेपर को पूरा–पूरा ढँक पाये व कौन–सी आकृति है जिससे आप ग्रिड को पूरा नहीं ढँक पाये?


————————————————————————————————————————


कुल कितनी आकृतियों द्वारा आप ग्रिड को पूरा–पूरा ढँक सके? बताइए।

————————————————————————————————————————


क्या आप दो आकृतियों को एक साथ काम में लेकर भी ग्रिड को पूरा–पूरा ढँक सकते हैं, करके देखिए।


नीचे कुछ छोटी–छोटी आकृतियों के टुकड़ों द्वारा पन्नों को ढँका गया है, आप उन आकृतियों को पहचानिए–





इन्हें भी देखिए–





© BSTBPC WEBCOPY, NOT TO BE PUBLISHED

ऊपर दी गई आकृतियों में दो अलग–अलग आकृतियों के टुकड़ों को काम में लेकर फर्श को पूरा–पूरा ढँकने की कोशिश की गई है। इस तरह पैटर्न आप अपने आस–पास कहाँ देखते हैं? बताइए।